हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025




## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है, जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

# भाजपा का स्थापना दिवसः छह अप्रैल को स्थापना दिवस पर भाजपाई पोस्ट करेंगे सेल्फी, 7 से 12 अप्रैल के बीच हर कार्यकर्ता देगा आठ घंटे का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस को खास बनाने की तैयारियों में जुट गई है। आगामी 06 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाना है। इसके बीच प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता अलग-अलग दिन विभिन्न टॉस्क के जरिये इस स्थापना दिवस को विशेष बनाएंगे। इसके तहत पहले दिन छह अप्रैल को सभी भाजपा कार्यालयों एवं पार्टी कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा फहराएंगे और उसकी सेल्फी भाजपा विकसित भारत के हेशटैग के साथ पोस्ट करेंगे। वहीं 7 से 12 अप्रैल के मध्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को कम से कम आठ घंटे का समय देना होगा।

#### खास बातें

- बीजेपी फोर विकसित भारत हेशटैग के साथ पोस्ट करेंगे
- भाजपा झंडा के साथ सभी गली में निकलेगी यात्रा




#### 13 को प्रतिमा की साफ-सफाई

भाजपा अपने स्थापना दिवस आयोजन के तहत 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई करेगी। इसके साथ ही 14 अप्रैल को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया जाएगा। इस दिन ही वहीं 15 से 25 अप्रैल के मध्य जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए है। जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस द्वारा उनके जीवन के विभिन्न पड़ाव पर किस तरह अपमानित किया गया एवं भाजपा द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया उस पर चर्चा की जाएगी।

**गांव-बस्ती चलो अभियानः** बताया गया कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर आयोजन के बाद 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर स्थापना दिवस को लेकर आयोजन किए जाएंगे। इसमें सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिनमें तीन वक्ता तीन विषय रखेंगे। सभी मंडल या विधानसभा में इस आयोजन को लेकर प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा 7 से 12 अप्रैल के बीच जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत लोगों के बीच पहुंचेंगे।

#### सफाई अभियान चलाया जाएगा

स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ता को कम से कम आठ घंटे देने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें मंदिर, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, गलियों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की जाएगी। आंगनबाड़ी, स्कूल, पशु चिकित्सालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालयों में भी सफाई की जाएगी। आयोजन के तहत ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के कम से कम दस लाभार्थियों से भेंट मुलाकात की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न समुदाय के नेताओं के घर जाना, मीसाबंदियों व कारसेवकों से मुलाकात करने के साथ ही बूथ समितियों की बैठक आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुसार स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश संगठन से भी पूरी गाईड लाइन जिलों को जारी की जा चुकी है। इसमें पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक हर दिन की गतिविधियों का ब्यौरा शामिल है। कार्यकर्ता से लेकर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि छह अप्रैल को जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाएंगे। इसके अलावा सभी स्तर पर भाजपा कार्यालय की सजावट के साथ ही मिठाई बांटने का काम किया जाएगा। 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्य एकत्र होकर स्थापना दिवस का आयोजन करेंगे।

# शिवनाथ में नहर लाइनिंग के लिए 114 करोड़ पास, 34 गांव के किसानों को मिलेगा फायदा

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के दिनों में सिंचाई के लिए पानी की कमी से जूझने वाले किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर है। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से जिले की शिवनाथ व्यपवर्तन मुख्य नहर शाखा नहर लाइनिंग कार्य हेतु राज्य शासन द्वारा 114.63 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्त विभाग ने इस योजना को अपनी सहमति दी है। जिससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी और इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा।



शिवनाथ में नहर लाईनिंग के कार्य की लंबे समय से मांग की जा रही थी। यही कारण है कि अब इस काम को स्वीकृति मिलने के बाद लोगों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। कार्य स्वीकृति की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के किसानों एवं नागरिकों ने विस अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार प्रकट करते कहा कि यह परियोजना वर्षों से लंबित थी। जिससे सिंचाई की समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना के क्रियान्वयन से खेती में सुधार आएगा। जल संसाधन सुदृढ़ होंगे और उनकी फसलों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी डॉ. रमन सिंह इसी तरह किसानों और जनता की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे।


**बाढ़ से मिलेगी कुछ राहत :** मिली जानकारी के अनुसार नहर लाईनिंग कार्य के बाद नदी किनारे बसे गांव में बरसात के दौरान बाढ़ से भी कुछ हद तक राहत मिलेगी। बताया गया कि पहले पानी बढ़ने पर सीधे गांव में जलभराव बढ़ जाता था, लेकिन नहर लाईनिंग के बाद कैचमेंट एरिया के जरिए कुछ पानी को निकालने में मदद मिलेगी।

#### कृषि क्षेत्र को मिलेगी मजबूती

इस कार्य के पूरा होने पर योजना की रूपांकित सिंचाई 16,970 एकड़ के विरुद्ध जो 12,160 एकड़ तक सीमित हो गई थी, उसे पुनः बहाल किया जाएगा। इससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना में मुख्य नहर की लंबाई 49.80 किमी एवं 19 माइनर नहरों की कुल लंबाई 29.05 किमी है। जिसमें लाइनिंग कार्य प्रस्तावित है।

#### इन गांव को फायदा

इस योजना से 34 ग्रामों को सीधा लाभ मिलेगा। जिनमें से 20 ग्राम राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जिसमें संबलपुर, हल्दी, सिंघोला, भोथीपारखुर्द, भोथीपारकला, मलपुरी, धामनसरा, भोड़िया, सुरगी, कोटराभाठा, आरला, मोखला, भर्रेगांव, झोला, ढोड़िया, भरदा, मोहड, जंगलेश्वर, कुसमी के ग्रामवासी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के इन 20 गांव में 10,352 एकड़ भूमि की सिंचाई सुविधा प्रस्तावित है। जिसमें वर्तमान में 7,870 एकड़ भूमि की सिंचाई में कमी बनी हुई थी। इस योजना के क्रियान्वयन से यह कमी पूरी की जाएगी। जिससे किसानों को राहत मिलेगी और उनकी कृषि उपज में वृद्धि होगी।



## आसमान से बरसती आग, तापमान 39 डिग्री

# बंगाल की खाड़ी से आ रही आर्द्र हवाएं, दो दिन बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल की शुरूआत के साथ ही एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही आर्द्र हवाओं के असर के साथ ही द्रोणिका के चलते प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आज से अगले तीन दिनों तक हल्की बारिश की आशंका जताई गई है। वहीं तापमान में भी गिरावट इस दौरान देखने को मिलेगी। ज्ञात हो कि मंगलवार को अंचल का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री पर रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए 5.8 किलोमीटर पर 68 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है, यहां से एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 3 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि होने, वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है। उपरोक्त सभी गतिविधि 4 अप्रैल को भी संभावित है। प्रदेश के मध्य और दक्षिण भाग में यह गतिविधि मुख्यतः केंद्रित रहने की संभावना है। 5 अप्रैल को बस्तर संभाग और उसके आसपास वर्षा की गतिविधि होने की संभावना है ।

#### चार के बाद सुधरेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से से तमिलनाडु तक निम्न दबाव की रेखा बनी हुई है। वहीं बंगाल की खाड़ी और नागालैंड में चक्रवात संचालन बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में 3 अप्रैल तक बिजली चमकने, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं विभाग के अनुसार आगामी चार अप्रैल के बाद ही मौसम में सुधार देखने को मिलेगा।

#### सबसे गर्म रहा जिला

तेज गर्मी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अप्रैल महीने के पहले दिन राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री पर रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री पर रहा। जबकि राजनांदगांव के बाद रायपुर का तापमान 38.4, बिलासपुर में 37.4 और जगदलपुर में 37.6 डिग्री पर रहा।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन आज डोंगरगढ़ में

**राजनांदगांव।** छग के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 3 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर नांदगांव में रहेंगे। वे डोंगरगढ़ जाकर मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना करेंगे, फिर शहर आकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. रमन सिंह सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आएंगे, फिर यहां से शाम 5.30 बजे डोंगरगढ़ जाकर माता बम्लेश्वरी देवी का दर्शन, पूजन-अर्चन करने के पश्चात डोंगरगढ़ रेस्ट हाउस आकर वापस राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दो दिवसीय मानस सम्मेलन आज से

**मोहला।** चैत्र नवरात्रि व रामनवमी अवसर पर ग्राम मुरेटीटोला में 3 व 4 अप्रैल को दो दिवसीय सस्वर मानस गायन व व्याख्यान का सम्मेलन रखा गया है। दो दिवसीय सम्मेलन में अंचल व अन्य जिलों के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। आयोजकों ने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील किया है। इस अवसर पर देवरसूर व लेड़ीजोब में मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है।

## मांय एंगल











नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### मोहभट्टा स्कूल में न्योता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मोहभट्टा की कक्षा दूसरी के छात्रा काव्या धलेन्द्र के जन्मदिवस के अवसर पर उनके शिक्षक पिता रेशकुमार धलेन्द्र एवं माता पूर्णिमा धलेन्द्र ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। दो शाला के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर, पुडी, पापड़, केला खिलाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक मोहनदास साहू, सालिकराम निषाद, शिक्षक भारतलाल भोले, सत्येंद्र ताम्रकार, जय प्रकाश टेकाम, कुमेन्द्र साय, भुनेश्वर चुरेन्द्र, गजानंद नेताम, पार्वती, सुनीता निषाद,रामेश्वरी, दुखियाबाई, अंजोराबाई आदि उपस्थित थे।



### पानी का दोहन, पंप जब्त

**डोंगरगांव।** शिवनाथ नदी से पानी के दोहन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो पम्पों को जप्त किया गया है। नदी से अवैध रुप से पानी के दोहन करने की लगातार शिकायत मिलने के बाद गत एक अप्रैल को सुखरी में राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग ने पुलिस के सहयोग से सिंचाई प्रयोजन हेतु लगे 2 नग पंपों को जब्त किया। पंचनामा कर पंपों को जल संसाधन विभाग को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार झरना राजपूत, राजस्व निरीक्षक अर्जुनी रामजी साहू, पटवारी अजय राणा एवं हल्का पटवारी बाबूलाल देवांगन शामिल थे।



### पंचमी को हुआ माता का श्रृंगार

**सड़क अतरिया।** नवरात्रि की पंचमी देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। नर्मदा मंदिर, चोरडाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर आदि ने अन्य दिवस की अपेक्षा पंचमी को दर्शनार्थियों की मौजूदगी अधिक रही। पंचमी पर माता रानी एवं जोत ज्वारा का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। वही दिन भर भजन कीर्तन का दौर चला। शनिवार को सभी देवी स्थलों में महाअष्टमी मनाया जाएगा। सुबह हवन पूजन तत्पश्चात कन्या भोज का आयोजन होगा। कुछ स्थलों में शनिवार शाम तो कही रविवार को जोत ज्वारा का विसर्जन किया जाएगा। नर्मदा मंदिर में रविवार को शोभायात्रा के साथ ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा।



### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**सड़क अतरिया।** तेज गर्मी के बीच बार बार बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते तीन दिन से दोपहर में दो से तीन घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहती है जिससे लोगों को गर्मी से हलाकान हो पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति निर्बाध्य रूप से करने की मांग की है। उन्होंने बिजली बंद करने की सूचना पहले से देने की भी मांग की है ताकि लोग बिजली संबंधी कार्य पहले से कर लें।

### श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार का प्रबंध

**डोंगरगढ़।** सेठ बालकिशन प्रहलाद लाल अग्रवाल मेमोरियल फॉउडेशन के तत्वावधान में मुख रोग मुक्त भारत के आव्हान के साथ निः शुल्क स्वल्पाहार की व्यवस्था कर नीचे मंदिर में एक स्टॉल लगाकर किया गया। स्टाल में स्व. प्रहलाद लाल अग्रवाल के परिजनों के साथ अग्रवाल समाज के लोगों अपनी सेवा दे रहे हैं।



### स्टेडियम का लिया जायजा



**डोंगरगढ़।** कालेज स्टेडियम से केबल चोरी की शिकायत के बाद पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अंडर ग्राउंड केबल बिछाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान संतु राव, प्रिंस कक्कड़, अमित बोस, गिरेश साहू आदि उपस्थित थे।



### नवागांव का हेमराज चयनित

**डोंगरगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राथमिक शाला नवागांव के हेमराज देवांगन पिता हेमलाल देवांगन का चयन हुआ है। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधान पाठक मंजरी गजभिए, मानु ठाकुर, कनक साहू, कौशल देवांगन, सेवक खोबरागड़े, अश्वनी साहू, मदनलाल सिन्हा, अनुपा देवांगन, सुनीता देवांगन, हेमप्रभा देवांगन, मनेश्वरी देवांगन, सरपंच मदनराम देवांगन, उपसरपंच ताराचंद सिन्हा ने बधाई दिया है।

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती 8 को

**डोंगरगढ़।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव आगामी 8 अप्रैल को मनाया जाएगा। मां कर्मा सामुदायिक भवन अछोली में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कमल किशोर साहू, मीरा साहू, शैलेंद्र साहू, प्रभा साहू, लाल बहादुर नगर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, रामकुंवर कामडे, नंदकुमार साहू, पुखराज साहू, घनश्याम साहू उपस्थित रहेंगे। तहसील संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू ने बताया कि कार्यक्रम और महाआरती की तैयारियां की जा रही है। दोपहर 2 बजे बजरंगपुर नवागांव वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### धनंजय का चयन नवोदय विद्यालय में

**पटेवा।** प्राथमिक शाला प्रकाशपुर के छात्र धनंजय साहू पिता दिनेश कुमार साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। धनंजय का चयन होने से परिवार में खुशी का माहौल है। बेटे के सफलता से खुश माता-पिता ने शाला पहुंच कर शिक्षकों का सम्मान किया। प्रधान पाठक शैल टंडन, शिक्षक दूजराम साहू, कुंजबिहारी देवांगन, विवेक वर्मा, नेमचंद साहू ने धनंजय को बधाई दी है।

## विभागीय अफसर गंभीर नहीं, जनप्रतिनिधि आए सड़क पर

# 24 महीने में नहीं बनी तीन किमी लंबी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महज तीन किमी सड़क का चौड़ीकरण कार्य 12 माह में पूरा करना था जो विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते 24 महीने में नहीं बन सकी है। कार्य की गति और विभागीय इच्छाशक्ति को देखते हुए निकट भविष्य मे पूरा होने की संभावना दिखाई नहीं दे रही हैं। निर्माण में लगातार विलंब और लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत के प्रतिनिधियों और अफसरों ने आज सड़क का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि तिगाला पेट्रोल पंप से गांधी पेट्रोल पंप तक करीब 3.30 किमी सड़क चौडीकरण के लिए 1542.84 लाख की मंजूरी मिली थी। विभाग ने प्रक्रिया पूरी होने के बाद 12 मई 2023 को वर्क आर्डर जारी किया था। इस कार्य को 12 महीनो मे पूरा करना था किन्तु यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। काम की शुरुवात चौडीकरण से किया गया था जिसके पूरा होने के पहले ही डिवाइडर बनाना शुरू कर दिया गया। इस काम के अधूरा रहते हुए नाली बनाना शुरू कर दिया गया था।



### शहर में डिवाइडर नहीं

सड़क निर्माण के साथ विभिन्न स्थानों पर गड्ढे होना शुरू हो गया है। कई जगहों पर पैबंद लगाना पड़ गया हैं। किसान कृषि केंद्र से शनि मंदिर तक डिवाइडर का काम तक शुरू नहीं हो सका हैं। चौकी से डोंगरगाव की और जहां डिवाइडर बना भी हैं तो वह भी क्षतिग्रस्त होने लगा है। अस्त व्यस्त निर्माण के चलते स्टेट हाइवे पर सफर करना काफ़ी खतरनाक हो गया हैं। दर्जनों बाइक सवार डिवाइडर में घुस कर अपने हाथ पैर तुड़वा चुके हैं। कई चार पहिया वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। आए दिन हादसे होने के बाद भी विभाग सहित अन्य प्रसाशनिक अधिकारी आँख बंद किए हुए हैं जबकि विधायक को इस मसले को लेकर आंदोलन तक करना पड़ गया था।

### अब नगर पंचायत ने लिया सुध

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं टीम ने आज अधिकारियों के साथ सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने फव्वारा चौक से कालेज रोड का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि फव्वारा चौक से दुर्गा मंदिर तक इस सड़क पर निकासी नहीं होने से पानी भर जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों से मार्ग निर्माण को लेकर चर्चा किया। चर्चा के दौरान प्राप्त शिकायतें और कमियों से प्रशासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोराम, सीएमओ विनम्र जेमा, तहसीलदार पीएल नाग, पार्षद राजा जैन, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन आदि उपस्थित थे। ।

# करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण प्यासे

■ जल मिशन के निर्माण कार्य अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने शुरू की गई केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का ब्लाक में बंटाढार हो गया है। दो विधानसभा क्षेत्र में योजना का दायित्व संभालने वाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग योजना के अनुरूप कार्य में पूरी तरह फेल नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय स्तर पर वर्तमान ठेकेदार जल मिशन के काम को समय पर पूरा करने में असमर्थ दिख रहे है। कुछ ठेकेदार काम को अधूरा छोड़कर चले गए है। जानकारी के अनुसार 2019-20 से संचालित जल मिशन के तहत छुरिया एवं डोंगरगढ़ ब्लाक में लगभग साढे तीन सौ पानी की टंकी का निर्माण होना था, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत काम अपूर्ण है। बताया जाता है कि समय पर काम का भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार काम को पूरा कराने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

वहीं ठेकेदार की राशि में कटौती, टंकी के निर्माण वाली जगह में पानी के स्रोत की कमी, कोनेटर मशीन का लगभग डेढ लाख भुगतान करने के बजाय उसे फेल बताने के कारण भी ठेकेदार परेशान रहे हैं। बताया जाता है कि जल मिशन के निर्माण में ठेकेदारों को फायदा होना तो दूर नुकसान होने लगा था। ठेकदारों के भुगतान में कटौती और समयावधि में भुगतान नहीं होना भी योजना के फेल होने का मुख्य कारण बना। इन दिनों गांव में पानी की कमी एक बड़ी परेशानी बनकर उभरी है। लोगों का कहना है कि जल स्रोत बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए।



### पूर्व मंत्री साहू पहुंचे देवी के दरबार

**डोंगरगढ़।** पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने परिजनों के साथ यहां पहुंचकर उपर एवं नीचे मंदिर में जाकर देवी दर्शन किया। श्री साहू लगभग 50 साल से चैत्र एवं कंवर नवरात्र में देवी दर्शन करने आते है। उनके पहुंचने पर मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वागत किया। इस दौरान प्रदीप शर्मा, लोकनाथ भारती, धीरज मेश्राम, हरिश भंडारी, अनिल गट्टानी, शिशुपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षिका का सम्मान



**टेडेसरा।** स्थानीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी को शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए सशक्त नारी सम्मान से सम्मानित किया गया है। पूर्व में राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका पारूल चतुर्वेदी को रायपुर के वृंदावन हॉल में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय खंडेलवाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा, निधि चंद्राकर उड़ान नई दिशा संस्था की अध्यक्ष, जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम फिल्म अभिनेत्री एवं समाजसेवी सुनीता शर्मा उपस्थित थे। अंग्रेजी की शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी शिक्षकीय कार्यों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेती है। वह विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा कई वर्षों से दे रही है। सभी विद्यार्थी प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ के माध्यम से परीक्षा में शामिल होते हैं। उन्हे सरपंच, पालकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

# सचिवों की हड़ताल से कार्यों पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते विकास कार्यों पर विराम लगा हुआ है। किसी भी पंचायत में अब तक नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने किसी भी कार्य का श्रीगणेश नहीं किया है। वही वित्तीय प्रभार नहीं मिलने से जनहितैषी कार्यों की पहल भी नहीं कर पाएं हैं। सरपंचों के शपथ ग्रहण एवं उपसरपंच चुनाव के बाद से पंचायत सचिव आंदोलन पर चले हैं जिससे बहुत से पंचायतों में तालाबंदी की नौबत आ गई। वर्तमान में सभी गांव में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहराते जा रही है।जिसे हल करने में पंचायत प्रतिनिधि सक्षम है परन्तु वित्तीय समस्या के कारण मूकदर्शक बने हुए हैं। वही कुछ पंचायतों में प्रतिनिधि कर्ज लेकर या निजी खर्च कर जल समस्या हल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रकार सचिव के माध्यम से होने वाले जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, पेंशन, नवीन राशन कार्ड, मनरेगा, भूमि सुधार जैसे अन्य कार्यों पर विराम लग गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है।




### आरटीई से वंचित हो सकते बच्चे

शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन देने के लिए अभिभावक को पंचायत से कुछ प्रमुख दस्तावेज की जरूरत होती है। कुछ गरीब परिवार आरटीआई के तहत आवेदन देने इच्छुक हैं जिसके लिए उन्हे पंचायत के दस्तावेज की जरूरत है। पंचायतों में सचिव के नहीं होने से कार्य नहीं हो पा रहा है। ऐसे में गरीब परिवार के बच्चे निःशुल्क शिक्षा पाने से वंचित हो सकते हैं।

### मांग को लेकर सचिव अडिग

इधर पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर अडिग है। जब तक उनका शासकीकरण नहीं हो जाता तब तक आंदोलन करने की बात कह रहे हैं। हड़ताल को शुरू हुए एक पखवाड़ा होने वाला है तथा आगे अपनी मांग को मनवाने के लिए विभिन्न गतिविधि एवं प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार कर लिया है जिससे आंदोलन लंबे समय तक चलने की आशंका है। सचिवों के आंदोलन का सीधा प्रभाव गांव के विकास पर पड़ेगा और ग्रामीणों की समस्या बढ़ेगी।

### मंदिरों में जले ज्योति कलश



**पटेवा।** ग्राम पटेवा सहित अंचल में चैत्र नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। ग्राम के प्राचीन शीतला मंदिर में 140 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। मंदिरों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ पड़ती है। सेवा भजन मंडली द्वारा माता की सेवा की जा रही है। गांव के दुर्गा मंदिर, शनि मंदिर, शंकर मंदिर में भी ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। गांव के शत्रुहन ढीमर एवं भूपेंद्र निर्मलकर के यहां जोत जवांरा रखा गया है। इसी प्रकार मासूल, ईराईकला, ईराईखुर्द, मुडभादुर, दर्रा, खजरी के शीतला माता मंदिर में ज्योति कलश रखा गया है।

### विकास, भुनेश को बधाई

**छुरिया।** आमगांव निवासी जनपद सदस्य उभेराम मंडावी के पुत्र विकास मंडावी और कलेश्वर कल्लो के सुपुत्र भुनेश कुमार कल्लो का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। उनके चयन की खबर मिलने पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने घर पहुंच की बधाई दिया।

# उल्लास के साथ मनाया ईद



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

उन्नतीस रमजान की शाम इफ्तार के बाद ईद का चांद देखने को रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। गर्मजोशी के साथ बच्चे, बुजुर्ग, नौजवानों की निगाहे आसमान की तरफ टिकी थी। इस दौरान कुछ थक हार कर वापस लौट गउ किन्तु कुछ रोजेदार आसमान की तरफ टकटकी गाए रहे और उन्होंने अजान के बाद चांद देख ही लिया।

चांद देखते ही शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के उमरवही, नांदगांव, खैरागढ़, अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर मस्जिद कमेटी के ओहदेदार ने जामा मस्जिद से तस्दीक किया। दो गवाह रमजान अंसारी, अनिस बडगुजर की गवाही में मौलाना आकिब रजा साहब ने तस्दीक किया तब ईदुल फितर मनाया गया। इंतेजामिया कमेटी के सदर रफीक खत्री, सेक्रेटरी डॉ बशीर अहमद खान, समीम अंसारी, महमुदूल हसन, नजीर तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, युनूस सिद्दीकी,आरिफ सोलंकी, फिरोज हसन रिजवी, इकबाल तंवर, शमसुद्दीन अंसारी, पीर मोहम्मद कुरैशी, इरफान बडगुजर ने इत्तेकाफ में बैठे अमीर निर्वाण, असफाक तंवर, अब्दुल सलाम, मो अरशद, शमसुद्दीन अंसारी, दवाल कुरैशी, परवेज हसन सिद्दीकी का इस्तकबाल कर तोहफा भेट किया।

वहीं हाफिज वाकारी वारिस जमाल को 61 हजार नजराना पेश किया। इमाम अकिब रजा साहब को 51 हजार का नजराना सेक्रेटरी डॉ बशीर अहमद खान ने दिया। नायब इमाम सफात रसूल को 31 हजार खजांची समीम अंसारी ने दिया। ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम जमात के लोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद ने मुबारकबाद दिया।

# 4 लाख की सीसी रोड का निर्माण शुरू

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत की मुख्य मार्ग से मोहरदास झारिया के घर तक लगभग 4 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का निर्माण पूजा-अर्चना के साथ शुरू हो गया है। इस कार्य का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने किया। यह कार्य निकाय चुनाव से पहले स्वीकृत हो गया था, जिसका क्रियान्वयन अब हो रहा है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुशरो ने ठेकेदार किसन यादव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार को रोड की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और बेहतर तरीके से कार्य करने कहा। अध्यक्ष श्री खुशरो ने पंडरिया के वार्ड एक एवं दो का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ समय पहले बनाई गई सड़क का जायजा लिया और कुद सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड वासियों ने अध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। अध्यक्ष श्री खुशरो ने समस्याओं को सुनकर यथासंभव समाधान किया, जिससे लोगों ने राहत महसूस किया। इस दौरान पार्षद तामेश्वर साहू, शैलेन्द्र दुबे सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे। सभी ने सीसी रोड के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त किया।



# छात्रों को मिली आर्थिक जगत की जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ आरबीआई के स्थापना दिवस पर व्याख्यान

देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में भारतीय रिज़र्व बैंक के 90 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग ने संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष गौरव जैन थे। उन्होंने आरबीआई के इतिहास, कार्यों और अर्थव्यवस्था में उसकी भूमिका से अवगत कराया। श्री जैन ने आरबीआई की स्थापना के उद्देश्यों, गवर्नरों के योगदान, मौद्रिक नीति समिति के कार्यों, विभिन्न बैंक दरों के महत्व, डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता, विकास में आरबीआई की भूमिका, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के उपायों और मुद्रा जारी करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने छात्रों को संबोधित करते हुए आरबीआई की कार्यप्रणाली को समझने और बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध करियर के अवसरों की जानकारी दी। प्राचार्य ने छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया। संगोष्ठी में बीए द्वितीय सेमेस्टर और जीई पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने से भाग लिया। छात्रों ने डिजिटल बैंकिंग की सुरक्षा, साइबर खतरों से बचाव, आरबीआई के वर्तमान भंडार की स्थिति, प्रमुख बैंक दरों और उनका अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे। मुख्य प्रस्तोता गौरव जैन और प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने छात्रों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### केयरटेकर सेवानिवृत्त

**गंडई पंडरिया।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कार्यरत केयरटेकर राजकुमार गोसाई गत 31 मार्च को पूरे 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए है। श्री गोसाई ने सेवाकाल के दौरान विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं। उनकी पहली पोस्टिंग चिल्पी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने बोडला विश्राम गृह में सेवा दी। बोडला से स्थानांतरण के बाद वह बीते 30 सालों से गंडई विश्राम गृह में सेवा दे रहे थे। गत दिनों वह सेवानिवृत्त हो गए। गौरतलब है कि सेवानिवृत्त राजकुमार गोसाई की धर्मपत्नी मुन्नीबाई गोसाई ने लगभग 10 माह पूर्व मरणोपरांत अंगदान किया था। श्रीमती गोसाई के दान किए गए अंगों में दो आंखें, लंग्स, दो किडनी और लिवर शामिल थे, जिनका प्रत्यारोपण छत्तीसगढ़, जयपुर और पुणे में एक महिला, एक बच्चे और एक पुरुष में सफलतापूर्वक किया गया है।

### 30 तक बनवाएं आयुष्मान वय वंदन कार्ड

**मोहला।** देशभर में प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया जा रहा है जिसके जरिए 70 या उससे अधिक के उम्र वाले लोगों का 5 लाख रुपए तक का इलाज आयुष्मान में रजिस्टर किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में करा सकते है। इसका लाभ हर वर्ग व आय के वरिष्ठ जन कोई भी बीपीएल, एपीएल राशनकार्ड धारी को 5 लाख तक अतिरिक्त कवर मिलेगा। जिला मोहला-मानपुर-अं चौकी में 19 मार्च से 30 अप्रैल तक संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सम्बन्धित सीएचओ, एएनएम क्षेत्र की मितानिन दीदी और कियोस्क ऑपरेटर और सीएससी ऑपरेटर से संपर्क कर बनवा सकते है।

## शहर में निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

# निगम ने हटाए शिवाजी पार्क के सामने लगे ठेला-खोमचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर समझाईस देकर हटाने की कार्रवाई कर रही है। अतिक्रमण दस्ता बुधवार को शिवाजी पार्क के सामने से ठेला हटाने की कार्रवाई की। कल भी आरके नगर चौक में अतिक्रमण तोड़ा गया था।

शहर के चौक-चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला-खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला-खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निगम का दस्ता कार्रवाई कर रही है। शिवाजी पार्क के सामने चार लोगों द्वारा ठेला लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गई थी। समझाईस उपरांत भी ठेला नहीं हटाने पर उप अभियंता मुनेन्द्र साठिया, समयपाल चिराग मेश्राम, पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा टीम के साथ जाकर चारो ठेला हटाया गया। कुछ माह पूर्व भी उक्त क्षेत्र से ठेला-पसरा हटाने की कार्रवाई की गई थी। इसी कड़ी में मंगलवार को आरके नगर चौक में चबूतरा बनाकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे उप अभियंता तिलक राज ध्रुव की उपस्थिति में अतिक्रमण दस्ता द्वारा तोड़ा गया।

### ठेला खोमचा न लगावें

आयुक्त विश्वकर्मा ने अपील करते कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावें। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्रवाई करेगी, उससे पूर्व हटा लें अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित

- गुरु घासीदास भवन में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नंदई चौक स्थित गुरू घासीदास भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन सम्मेलन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मेलन 29 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं सखी वन स्टाप सेंटर के अधिकारीगण उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद वर्षा सिन्हा, केवरा राय, अमृता सिन्हा, खेमिन यादव, कांति सिन्हा, रवि सिन्हा, दुरेन्द्र साहू, अरूण साहू, पूर्व पार्षद विजय राय, शरद सिन्हा शामिल थे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि जब माताएं-बहनें सशक्त होती है, तो पूरा परिवार सशक्त होता है, इसलिए डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता हमारी माताओं-बहनों का कल्याण है। अब तो डबल इंजन की जगह चार इंजन लगा चुके हैं। महापौर और पार्षद भी आपका अपना है। आज परिवार को पक्का घर मिल रहा है और वो भी महिलाओं के नाम पर। उज्वला का सस्ता गैस सिलिंडर मिल रहा है वो भी महिलाओं के नाम पर। 50 प्रतिशत से ज्यादा जनधन खाते वो भी हमारी माताओं-बहनों के के नाम पर।

### अन्न प्रासन्न का कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम के अंत में अन्नप्रासन्न का कार्यक्रम हुआ और गोद भराई का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की गई। सही उत्तर देने पर प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजन प्रतियोगिता, सलाद बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। महिला बाल विकास विभाग से सेक्टर पर्यवेक्षक सुनीता सोनपिपरे, पर्यवेक्षक ज्योति सिंह राठौर, सखी वन स्टॉप सेंटर से श्वेता त्रिवेदी, काउंसलर मनीषा हरिहारनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सेक्टर कौरिनभाठा, सेक्टर बसंतपुर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### यतेन्द्र 95.33 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम

**राजनांदगांव।** भारत माता हिन्दी मीडियम स्कूल ढाबा रोड मोतीपुर के कक्षा पहली के छात्र यतेन्द्र साहू पिता दीपक साहू ने 95.33 प्रतिशत (ए प्लस) के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, प्राचार्य व शिक्षिकाओं को दिया है। प्राचार्य व स्कूल प्रबंधन ने यतेन्द्र साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांफ्लुएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इको क्लब एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस पर पानी की समस्या एवं कमी को दूर करने सुझाव एवं उपाय विषय पर छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि तेजी से जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, कृषि, उद्योग और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में पानी की बढ़ती जरूरत के कारण जल की मांग बढ़ती जा रही है। हालांकि जलवायु परिवर्तन वर्षा के बदलने के पैटर्न और मौसम संबंधी घटनाओं के कारण पानी की कमी बढ़ रही है। आज के आधुनिक समाज में सबसे गंभीर समस्या जल संकट ही है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि आज जल है तो कल है, यह केवल नारा मात्रा नहीं है, बल्कि सच्चाई भी यही है। दुनिया में सिर्फ तीन फीसदी से कम ताजा पानी के स्रोत हैं और यह आंकड़ा कम ही होता जा रहा है। आज के आयोजन से युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और देश में बढ़ते जल संकट को दूर करने पर युवाओं ने अपने-अपने तर्क तथा विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से जल संकट की समस्या को समस्या बताते युवाओं की भूमिका दूर करने में फोकस किया। स्पर्धा में उत्कर्ष साहू, सत्यम ओझा, खिलेश्वरी पुजारी, भूपेंद्र मंडवी, दिनेश, गीता, हेमंत साहू एवं अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

### ईमानदारी से प्रयास करने की अपील

डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल ने पुरस्कार प्राप्त सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और जल संकट के इस समस्या को दूर करने में अपनी भूमिका महत्वपूर्ण हो और ईमानदारी से सभी मिलकर प्रयास करें, ऐसा आग्रह किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रो. विजय मानिकपुरी, प्रीति इंदौरकर एवं राधेलाल देवांगन रहे। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# फिट इंडिया अवेयरनेस इवेंट कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में फिट इंडिया अवेयरनेस इवेंट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के डीन डॉ. पीएम लुका ने इस पहल की सराहना की। डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं डॉ. पवन जेठानी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक डॉ. उमेश खुराना ने फिटनेस में पोषण के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि फिटनेस का सीधा संबंध सही आहार से है और सही पोषण न केवल शरीर को बल देता है, बल्कि मानसिक विकास में भी मदद करता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभा सिंह, डॉ. हर्षा घांटी और डॉ. प्रवीन साहू ने किया। कार्यक्रम की सफलता में प्रदीप शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सुकदेव राउत, बॉस्केटबॉल कोच प्रियंका ई, पंकज पांडे, दिव्या धरावत, परमजीत सिंह हॉकी कोच, वार्डन मुन्नालाल जायसवाल, अर्चनादेवी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन उपस्थित थे।

### कई योगासनों का किया अभ्यास

इस अवसर पर रीना पटेल ने योग, योगनिद्रा और जुंबा का आयोजन किया। उनके मार्गदर्शन में छात्रों और कॉलेज के स्टाफ ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने के बारे में बताया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ट्रेनिंग सेंटर के केंद्र प्रभारी केसी त्रिपाठी ने खेल और शारीरिक फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया, ताकि वे अपनी सेहत को बेहतर बना सकें।

# योग साधकों ने निकाली स्वर्वेद यात्रा



- गुरु बहनों ने जयघोष करते किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ब्रह्मविद्या विहगम योग संस्थान झूसी के आदेश पर हिन्दू नववर्ष की अवसर पर विहगम योग संत समाज राजनांदगांव के तत्वावधान में मेटेपार, गेंदाटोला में गुरु भाई बहनों एवं ग्रामवासियों ने आध्यात्मिक सतग्रंथ स्वर्वेद यात्रा निकाला।

विहगम योग संत समाज के जिला संयोजक मोरध्वज साहू ने बताया कि हिंदू नव वर्ष पर पूरे भारत में स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा अद्वितीय आध्यात्मिक सदगम्र स्वर्वेद के प्रचार के लिए निकाला गया था। गुरु बहनों ने सिर स्वर्वेद को धारण कर एवं श्वेत ध्वज को हाथ में लेकर जय घोष करते हुए भ्रमण किया।

इस दौरान सरपंच उमेश कंवर, डॉ महेंद्र साहू, गोवर्धन कुंजाम, रामाधार कंवर, जगदीश, चमरूराम, शीष कुमार, कुलंजन साहू, चुमेश्वर चंद्रवंशी, धनेश साहू, प्रीतम साहू, ललित साहू, चिंता देवांगन, लालाराम साहू, भागवत साहू, संतोष साहू, संतराम साहू, नूतन देवांगन, राधेश्याम, केशव साहू, द्वारिका रावटे, विजय, ममता साहू, कुसुम साहू, कमलेश्वरी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहर में पेयजल के लिए 114 करोड़ की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** शहर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया ने 114.63 करोड़ रुपए शहर के पेयजल व्यवस्था के लिए प्रशासनिक स्वीकृति पर विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व अभिनंदन करते कहा कि डॉ. रमन सिंह शहर के विकास व समस्याओं को लेकर सदैव संवेदनशील रहे हैं। हाल ही में 2 करोड़ 63 लाख 99 हजार रुपए की स्वीकृति स्कूलों के विकास के लिए दिलाना, शहर की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों का आबंटन दिलाना और अब शहर को पीने के पानी के लिए तकलीफ ना हो, इसके लिए महत्वकांक्षी परियोजना की स्वीकृति दिलाना उनकी राजनांदगांव को लेकर निरंतर चिंतनशील होने को प्रमाणित करता है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार उत्तर मंडल अध्यक्ष भाटिया ने कहा कि पेयजल के लिए स्वीकृत करोड़ों की इस धनराशि से शहर की जीवनरेखा शिवनाथ नदी व्यपरिवर्तन मुख्य लहर से शाखा नहर लाईनिगं का कार्य किया जाएगा। जिससे इस नहर के रास्ते में पड़ने वाले 20 ग्रामों को सीधा लाभ मिलेगा व शहर में पेयजल की किल्लत को भी दूर किया जा सकेगा। इस जनपयोगी कार्य के लिए जहां प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का आभार है। वहीं डॉ. रमन सिंह का अभिनंदन है।

# डिजिटल कनेक्टिविटी और नेटवर्क सुधार के लिए ठोस रणनीतियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय में भारत सरकार, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा के जॉइंट सीसीए प्रेम प्रकाश की उपस्थिति में दूरसंचार सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बीएसएनएल के 2जी टावरों को 4जी में अपग्रेड करने, कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों में नए टावर लगाने के प्रस्ताव भेजने और भारत नेट फेस-1 एवं फेस-2 के तहत लंबित इंटरनेट कनेक्शनों को सक्रिय करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा इंटरनेट कनेक्शन को सक्रिय करने में आ रही समस्याओं को शीघ्र समाप्त करने के उपायों पर चर्चा किया गया।

बैठक में हेमेंद्र भुआर्य नोडल अधिकारी आकांक्षी जिला एसडीएम मोहला, महेंद्र कुमार वर्मा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, चिप्स जितेश कुमार जीटीओ बीएसएनएल, गुलशन राजपूत फील्ड इंजीनियर भारत नेट चिप्स, विनोद कुमार सिंह जीटीओ भारत नेट, राम प्रसाद फील्ड टेक्नीशियन, बीबीएनएल और परिमल पटेल जिओ फील्ड इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किया जाएगा मूल्यांकन

बैठक में आकांक्षी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 21 से 22 मार्च तक जॉइंट सीसीए प्रेम प्रकाश के दौरे को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरे का उद्देश्य बुनियादी दूरसंचार सेवाओं और अवसंरचना का निरीक्षण, दूरसंचार परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक उपायों की पहचान करना है। इसके साथ ही भारत नेट और 4जी मोबाइल टावर परियोजना की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रेम प्रकाश द्वारा नेटवर्क कवरेज, कनेक्टिविटी की सीमा और उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा शिकायत निवारण तंत्र की भी समीक्षा की जाएगी।

### चुनौतियों पर की गई चर्चा

बैठक में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। साथ ही दूरस्थ गांवों में नेटवर्क कवरेज और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में दूरसंचार परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा और नेटवर्क सुधार के लिए आवश्यक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क विस्तार और उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# गायत्री टैलेन्ट सर्च 2025 का आयोजन, मेगा फाइनल 13 को

- प्रतियोगिता जिले के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में 29 मार्च को गायत्री टैलेन्ट सर्च 2025 का भव्य आयोजन किया गया। दो समूह में आयोजित प्रतियोगिता जिले के सभी विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी। जिसमें प्राम समूह में 7 से 12 वर्ष एवं द्वितीय समूह में 13 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में फैंसी ड्रेस, डांस, गायन, वादन, ड्राइंग, योगा एवं खेल जैसी महत्वपूर्ण विद्या शामिल हैं। इसमें विद्यालय के विभिन्न प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य प्रतिभागी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

शाला प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि यह प्रतियोगिता नगर के विभिन्न प्रतिभावान बच्चों को मंच प्रदान कर उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें आगे लाकर उनके व्यक्तित्व को और भी बेहतर बनाना हमारा उद्देश्य है। इसमें विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार के साथ-साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान कर उनके सुनहरे भविष्य हेतु मार्गदर्शन एवं अवसर प्रदान किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में यह शुभारंभ शानदार रहा। इसका दूसरा चरण आगामी 10 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसका मेगा फाइनल 13 अप्रैल को विद्यालय परिसर में ही आयोजित होगा।

इस अवसर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा व शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## अभिनंदन गेलेक्सी परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह

# बुजुर्गों व नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



होली पर्व के पखवाड़ेभर बाद अभिनंदन गेलेक्सी परिवार ने होली मिलन समारोह परिसर में स्थित आकर्षक उद्यान में आयोजित किया। पर्यावरण संरक्षण थीम पर आयोजित होली मिलन समारोह में सर्वप्रथम आगंतुक वृहद अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रथम होली मिलन के अवसर पर कालोनी के सभी परिवार के सदस्यों ने अपना परिचय दिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निर्वहन की बात कही।

होली मिलन के अवसर पर अभिनंदन परिवार के निमंत्रण पर पधारे नवनिर्वाचित पार्षदों सतीश साहू व जैनम बैद का माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद सतीश साहू ने कहा कि अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करेंगे और अभिनंदन गेलेक्सी परिवार के हर सुख-दुख में उनके साथ रहेंगे। वहीं पार्षद जैनम बैद ने आयोजन की प्रशंसा करते हर संभव मदद व पार्षद सतीश साहू के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही।

### विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट

इस अवसर पर बुजुर्गों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया गया। बुर्जुर्गों ने सम्मान पश्चात प्रशंसा व्यक्त कर कालोनी में खुशियों की बरसात होने की कामना की। होली मिलन के अवसर पर परिवार की महिला सदस्यों ने अभूतपूर्व खुशियों का वातावरण बनाया और म्युजिकल चेयर, दिल से गाना गाओ, बच्चों के खेल आयोजित की। खेल के पश्चात विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। समारोह में स्वरूचि अनुसार सूर्यास्त पूर्व भोजन व रात्रिभोज का भी प्रबंध किया गया था। होली मिलन समारोह के लिए पीयूष बैद के नेतृत्व में राकेश बोहरा, पंकज पारख, जैनेन्द्र लुनिया, ऋषभ नाहटा, राजेंद्र सुराणा, राजकुमार कटारिया की सतत परिश्रम की सभी ने सराहना की। समारोह का विशेष आकर्षण डॉ. प्राची साहू और लोकेन्द्र साहू का काव्यमय मंच संचालन रहा।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में बीते दिनों जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और उनकी प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुके कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए, जो इन कार्यों का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर, एडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, महेश साहू कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



सार समाचार

## सैयद 4थी कक्षा में प्रथम



**राजनांदगांव।** नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग क्लास 4 के छात्र सैयद हमजा ने ए+ के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सैयद हमजा के पिता सैयद जावेद, माता सबा अर्शी है। सैयद हमजा स्कूल के गतिविधियों में शामिल होकर एक अलग पहचान बनाया है। इस उपलब्धि का श्रेय अपने अम्मी को दिया। बधाई देने वालों में आरती, अनामिका, रश्मि, अंजू, ऐश्वर्या साहू, पूर्वी साहू, हुरेन, राजा, मनीष साहू, तुषार साहू सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## शिविर में 62 रोगियों ने लिया चिकित्सा का लाभ



**राजनांदगांव।** आयुष विभाग द्वारा सामुदायिक भवन राजीवनगर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं जीवन शैली चिकित्सा एवं एनपी-एनसीडी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ दिया गया। 51 लोगों का ब्लड शुगर, बीपी जांच एवं स्क्रीनिंग किया गया। सभी रोगियों एवं जनसमुदाय को दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार, योग एवं व्यायाम की जानकारी दी गयी। शिविर हेतु वार्ड पार्षद अमरीता मोहन सिन्हा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, डॉ. अनमोल गुप्ता, डॉ. आनंद सिंह भारद्वाज, डॉ. भारती यादव , फार्मासिस्ट अनुसुइया साहू, अनिल ताम्रकार, औषधालय सेवक दुजलाल कुंजाम एवं दीपक निखारे ने अपनी सेवाएं दी।

## एनबीआईएस में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूआत



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 का आरंभ 01 अप्रैल से हो गया है। नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के बच्चों में उत्साह देखने को मिला। पहले दिन शाला आने वाले बच्चों का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षा और रिजल्ट के तनाव को कम करने के लिए शाला द्वारा छोटे बच्चों के लिए विशेष फन गेम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए शिक्षाप्रद चलचित्र तथा कक्षा पहली से छठवीं तक के बच्चों के लिए फन एक्ट, खेल, डांस आदि शामिल रहे। बच्चों में सकारात्मक भावों के उज्जवलन तथा भारतीय संस्कृति की पहचान हेतु विशेष सभा आयोजित की गई, जहां बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी साझा की गई। वर्तमान में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में कक्षा नर्सरी से 12वीं तथा फिजिक्स वालों की कक्षाएं नियमित चल रही है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत शैक्षिक गतिविधि को सरल तरीके से बच्चों एवं पालकों तक पहुंचाने की भरसक प्रयास जारी है।

## छोटेलाल साहू को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**राजनांदगांव।** मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के समाज



कार्य विभाग से छोटेलाल साहू को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध विषय स्वच्छ भारत अभियान एवं समाज कार्य हस्तक्षेप था। छोटेलाल साहू ने यह शोध कार्य अपने शोध निर्देशक सहायक प्राध्यापक मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. दीनानाथ यादव एवं सह-शोध निर्देशक सहायक प्राध्यापक पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉ. संजीव कुमार लवानिया के संयुक्त मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया।

उनके शोध में स्वच्छ भारत अभियान के प्रभाव और समाज कार्य में उसके हस्तक्षेप का गहन विश्लेषण किया गया है।

# देवी मंदिरों में पंचमी पर्व पर हुआ मातारानी का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत नवरात्र पर्व पर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। पंचमी पर्व के अवसर पर मंदिरों में देवी मां का विशेष श्रृंगार किया गया एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जसगीतों की गूंज रही। वहीं मंदिरों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक उपस्थिति रही।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित है। देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक पूजा-अर्चना एवं दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

### चैत नवरात्रि पर्व पर श्रद्धा-भक्ति का माहौल

#### मंदिरों में भीड़

शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किलापारा, भानेश्वरी मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पंचमी के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इधर मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण एवं मेला स्थल पर पंचमी लगते ही रात से ही बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ माता के दर्शन करने एवं पूजा करने उमड़ी रही।



#### ग्रामीण क्षेत्रों में चहल-पहल

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण एवं मेला स्थल में दिन-रात श्रद्धालुओं की उपस्थिति बन रही है। भक्त विविध साधनों के साथ डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। जिसके चलते नेशनल हाईवे सहित ग्रामीण मार्गों में वाहनों एवं भक्तों की आवाजाही बनी हुई है। जिससे ग्रामीण इलाकों में भी इन दिनों चहल-पहल का माहौल निर्मित है।

#### जसगीतों से हो रही सेवा

पंचमी पर्व के अवसर पर देवी मंदिरों में देवी मां की मूर्तियों में विशेष श्रृंगार किया गया। घरों में भी भक्तों ने पंचमी पर देवी माता का विशेष श्रृंगार किया। साथ ही ज्योत जंवारा का भी श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से लेकर देर शाम तक जस गीतों की गूंज रही। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में भक्त पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

#### 5 अप्रैल को महाअष्टमी

नवरात्र पर्व के तहत 5 अप्रैल का महाअष्टमी पर्व मनाया जाएगा। मंदिर सहित घरों में भी इस दिन विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया जाएगा। 6 अप्रैल को नवमी पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। वहीं जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### आसमान से बरसती आग, तापमान 40 डिग्री से पार जाने का ऐसा असर

# रास्तों में पदयात्रियों का टोटा, मेले की भी रौनक गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा पंडालों में सुविधाओं के अभाव के चलते चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों की संख्या इस वर्ष कम नजर आ रही है। कोरोनाकाल के बाद से पदयात्रियों के लिए लगने वाले सेवा पंडालों की संख्या जिलेभर में काफी कम हो गई है। समाजसेवी संस्थाओं और संगठनों ने भी पंडाल लगाने बंद कर दिए हैं। गिने-चुने जगह पर ही सेवा पंडाल लगाया गया है, लेकिन वहां भी सेवा का भाव नजर नहीं आ रहा है।

नवरात्र के अवसर पर राजनांदगांव-दुर्ग जिले की सरहदी क्षेत्र अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक लगभग 70 पंडाल लगाए जाते थे, लेकिन धीरे-धीरे इन पंडालों की संख्या कम होती चली गई है। अब महज इस रूट पर 15-20 पंडाल ही नजर आते हैं, लेकिन इन पंडालों में भी पदयात्रियों के लिए पूरी सुविधा का इंतजाम दिखाई नहीं देता है। जिसके चलते मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने जाने वाले पदयात्रियों की संख्या इस वर्ष कम नजर आ रही है।





#### कई पंडालों में दवाईयां नहीं

*पहले सेवा पंडालों में पदयात्रियों की सेवा के लिए अलग-अलग समय सेवाभावी लोग अपनी ड्यूटी देते थे। इस दौरान पदयात्रियों के पांव में पड़े छालों पर मरहम पट्टी करने से लेकर मालिश तक की व्यवस्था रहती थी, लेकिन अब यह सब नदारद हो गया है। कई सेवा पंडालों में दवाइयों की व्यवस्था भी नहीं है।*

#### नजर नहीं आ रहा सेवाभाव

*शहर में कुछ जगहों पर लगे पंडालों में भी सेवा भावना नजर नहीं आ रहा है। यहां पर पदयात्रियों के आराम करने के लिए अच्छी व्यवस्था नहीं है। पदयात्री स्वयं पंडाल पर पहुंच रहे हैं और व्यवस्था दुरूस्त नहीं देखकर आगे बढ़ रहे हैं। पूर्व में होने वाली सेवा के मुकाबले पदयात्रियों की सेवा में कमी दिखाई दे रही है।*

#### निगम के पंडाल में व्यवस्था

लगभग 6-7 वर्षों से मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने पैदल यात्रा जाने वाले रायपुर के श्रद्धालु विष्णु राजवंशी, आशीष डे, कृष्णा साहू और योगेन्द्र दीप ने कहा कि दुर्ग से लेकर राजनांदगांव शहर तक पहुंचने के दौरान उन्हें रास्ते में महज दो-तीन जगह ही पंडाल मिले हैं, लेकिन इन पंडालों में अच्छी सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का एक पंडाल, जो लगाया गया है उसमें कूलर-पंखे की अच्छी व्यवस्था है। वहीं कुछ देर आराम कर वह डोंगरगढ़ के लिए दोबारा चल पड़े हैं।

#### कम हो रहे पंडाल

संस्कारधानी राजनांदगांव में तत्कालीन कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा द्वारा पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं को जोड़ा गया और सेवाभाव की परंपरा शुरू की गई। दशकों तक इस परंपरा का बेहतर निर्वहन हुआ, कलेक्टर बदले, लेकिन व्यवस्था अच्छी बनी रही। नवरात्र से पहले ही जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की बैठक लेकर पंडाल लगाने उनसे आग्रह भी किया जाता रहा, लेकिन बीते कुछ वर्षों में समाजसेवी संस्था और प्रशासन द्वारा पदयात्रियों के लिए लगने वाले सेवा पंडाल को लेकर विशेष ध्यान नहीं दिए जाने के चलते अब सेवा पंडाल कम होते जा रहे हैं।

## पंचमी पर फूल और फल से सजा मां बम्लेश्वरी का



**डोंगरगढ़।** पंचमी के अवसर पर मां बम्लेश्वरी के मंदिर को भी फलों एवं फूलों से सजाया गया। आकर्षक रुप से सजाए गए मंदिर को देखकर भक्तों को भी खुब आनंद हुआ।

मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार बड़ी मां बम्लेश्वरी मंदिर में फूलों से और छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में फलों से आकर्षक सजावट किया गया। छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में फलों से सजावट करने के लिए कुल 650 किलोग्राम फलों का उपयोग किया गया है। इस सजावट में 230 किलो मोसंबी 150 किलो संतरा 30 किलो पाइनएप्पल 30 किलो खरबूजा 60 किलो अंगूर और 150 किलो सेब का उपयोग हुआ है। सजावट में उपयोग किये गये फलों को सप्तमी को प्रसाद स्वरूप भक्तों को वितरित किया जाएगा।

# भगवान को पाने संसार से मन का विरक्त होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जगद्गुरुत्तम श्री कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवीजी द्वारा स्थानीय स्टेट हाईस्कूल मैदान में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के नवमें दिन संसार के स्वरूप को विस्तार में समझाया गया है।

देवीजी ने वेदों द्वारा यह भी प्रमाणित किया कि भगवान को पाने संसार से मानसिक विरक्त होना आवश्यक है और यह समझना जरूरी है कि संसार में कोई हमारा नहीं है, जब तक किसी से स्वार्थ रहता है, वहां पर प्रेम हो जाता है और जब किसी की स्वार्थ हानि दिखती है तो वहां लड़ाई झगड़ा शुरू हो जाता है।

इसी प्रकार जब तक हम किसी के भी अनुकूल होंगे, तब तक वो हमारा बना रहेगा और जब प्रतिकूल हो जाएंगे तो वह हमारा दुश्मन बन जाएगा और इस व्यवहार को हम दिन-रात अपने रिश्तेदारों, नातेदारों व पड़ोसी एवं दोस्तों के साथ करते हैं, देखते हैं और स्वयं भी भोगते हैं,



इसलिए यहां किसी का किसी से पेट नहीं भर सकता संसार में, क्योंकि किसी को परमानंद नहीं मिला है। सभी अपूर्ण हैं, इसलिए जब तक भगवान को पा नहीं लेते, तब तक यह आचरण बना रहेगा।

प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण भगवान की भव्य आरती के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 15 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 8 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

#### भौतिक संसार दिखावा मात्र

यह भी समझना आवश्यक है कि इस संसार में तो क्या, बड़े-बड़े स्वर्गादिक लोकों में कहीं भी आनंद नहीं है, क्योंकि अगर सुख होता तो संसार में सभी सुखी होते और कोई भी भ्रष्टाचार आदि का शिकार न होता। दूसरी बात यह है कि सांसारिक भौतिकवाद जितना कम होगा, उतना ही हम ईश्वर की ओर प्रेरित होंगे और जितना आध्यात्मवाद बढ़ेगा उतना ही हम सुखी रहेंगे, क्योंकि सुख भीतर की वस्तु है। बहिरंग भौतिक वस्तुओं से हम अंतरंग स्तर पर सुखी नहीं हो सकते, इसलिए आज-कल का जो संसार है वह बाहर से सुखमय दिखाई पडता है वह केवल दिखावा मात्र है, छलावा मात्र है, जब ईश्वर की भक्ति हम करते हैं यानि ईश्वर को ही अपना मानेंगे भीतर से और संसार में व्यवहार मात्र करेंगे, डयूटी मात्र करेंगे, तभी हमें मानसिक सुख मिल सकता है। इसी प्रकार जब संसार हमारा नहीं है तो उसके लिए हम समय व्यर्थ कर रहे हैं, हमें अधिक से अधिक समय भगवान को जानने में ही व्यतीत करना चाहिए। जिससे मानसिक स्तर पर हम सुख पाएं और हमारे परिवार एवं समाज में सुख सम्मृद्धि आए।

# आरोपी तस्कर तक पहुंची पुलिस शीघ्र गिरफ्तारी के दिए संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के फार्म हाउस में 28 लाख रुपए की अवैध शराब के साथ-साथ बाटलिंग यूनिट का संचालन करने वाले आरोपी तक पुलिस पहुंच गई है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हो जाएगी।

इधर इस मामले में पुलिस महकमे ने कई बिन्दुओं में अपनी जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है।

डोंगरगढ़ से पांच किलोमीटर दूर में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में छत्तीसगढ़ सरकार का नकली होलोग्राम और स्टीकर बरामद होने के मामले की गूंज राजधानी तक हो गई है। यही कारण है कि पुलिस महकमे ने 11 सदस्यीय टीम गठित कर जांच पड़ताल तेज की है। बताया जाता है कि इस मामले में फरार आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम के कई ठिकानों में पुलिस ने दबिश दी है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आरोपी के ठिकाने तक पहुंच भी गई है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है।

इधर पुलिस ने फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। पुलिस को आशंका है कि गिरोह द्वारा ही व्यापक पैमाने पर शराब की तस्करी और बाटलिंग यूनिट का अवैध संचालन किया जा रहा था।




# अवैध बॉटलिंग यूनिट के खिलाफ बसपा का प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र के करवारी में अवैध शराब की बॉटलिंग यूनिट संचालित होने के मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी द्वारा प्रदर्शन करते इस मामले में आबकारी आयुक्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा जिले में अवैध शराब की लगातार बिक्री और डोंगरगढ़ क्षेत्र के इस बॉटलिंग यूनिट के खिलाफ प्रदर्शन करते आबकारी विभाग का घेराव किया गया। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी के पूर्व महापौर प्रत्याशी शमसुल आलम ने कहा कि आबकारी अधिकारी की जानकारी के बिना होलोग्राम वहां कैसे पहुंचा? उन्होंने कहा कि होलोग्राम मामले को लेकर कांग्रेस के लोगों पर भी कार्रवाई हुई है। इससे पहले भी आबकारी निरीक्षक द्वारा प्रति पेटी 200 रुपए मांगने का मामला भी सामने आ चुका है। वहीं उन्होंने आरोप लगाते कहा कि तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में खुलने वाले बार से भी 20-25 लाख रुपए की अवैध वसूली आबकारी विभाग द्वारा की गई है।



**जांच कर कार्रवाई की मांग :** डोंगरगढ़ क्षेत्र में मध्यप्रदेश की शराब पर छत्तीसगढ़ का लेबल लगाकर बॉटलिंग यूनिट चलाने के मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी द्वारा आबकारी विभाग की संलिप्तता की जांच करने मांग की गई है। वहीं इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

## भागवत कथा का रसपान कर रहे श्रद्धालु

**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक कथावाचक पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री शांतिनगर वाले के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रोता कथा का रसपान कर रहे हैं। शीतला माता मंदिर समिति एवं ग्राम विकास समिति वार्ड नंबर 5, 6 और 10 के संयुक्त तत्वधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा में श्रद्धा भक्ति के साथ लोग कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।



#### शोभायात्रा का आयोजन

चिखली वार्ड में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के समापन अवसर पर 6 अप्रैल को ज्योति कलश विसर्जन एवं शोभायात्रा का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

# महाभारत के प्रसंगों की प्रस्तुति ने जीता लोगों का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को लोक कलाकारों द्वारा 01 अप्रैल को कन्हारपुरी में लोक रंगीय रंगझाझर आयोजन के बीच याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की।

विशेष अतिथि भाजपा नेता सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, प्रतिमा चंद्राकर, देवकुमारी साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में सबसे प्रथम कला पुष्प पंडवानी गायिका तरुणा साहू ने अर्पित की और सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भीड़ के बीच महाभारत के द्रोपदी चीर हरण प्रसंग की दमदार प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर कवयित्री सुषमा शुक्ला ने नारी से संबंधित कविता पाठ कर तालियां बटोरी।

#### याद रहेंगे मंदराजी दाऊ

कन्हारपुरी में आयोजित मंदराजी जयंती आयोजन में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने नाचा के पुरोधा मंदराजी दाऊ की कला धार्मिता को नमन करते कहा कि नाचा के प्रति उनका सर्वस्व त्याग और समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता। वे हमेशा याद किए जाते रहेंगे। उन्होंने कन्हारपुरी में प्रतिवर्ष मंदराजी जयंती कार्यक्रम का आयोजन करने वाले आत्माराम कोशा और उनके टीम की सराहना की।



#### पंडवानी गायन की दमदार प्रस्तुति

इस दौरान द्रोपदी चीर हरण की प्रस्तुति से लोगों की आंखें नम हो गई। लोगों ने इस प्रदर्शन पर तरुणा को हार-फूलों से लाद दिया। खास बात यह रही कि मंदराजी दाऊ की तरह तरुणा साहू की भी 01 अप्रैल को जन्म दिवस रहा। महापौर श्री यादव की उपस्थिति में आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम मंच पर केक काटकर पंडवानी गायिका तरूणा साहू का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर तरुणा साहू के पति (टीआई) एमन साहू भी उपस्थित थे, जिन्हें पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भरथरी गायिका रेखा जलछत्री, लोक गायिका कविता वासनिक, जसगीत गायक सुनील बंसोड़, मनोहर यादव, लोक गायक विष्णु कश्यप ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों द्वारा उन्हें नगद राशि के इनाम से नवाजा गया।

#### लोक कलाकार की मदद

जयंती कार्यक्रम में समाजसेवी शारदा तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता व माया अग्रवाल ने एक्सीडेंट में जख्मी मोखला निवासी लोक कलाकार मोहन साहू को शाल व श्रीफल भेंट कर आर्थिक मदद की। वहीं दाऊ मंदराजी धरोहर मंच द्वारा उक्त घटना में टूट-फूट के शिकार वाद्ययंत्र तबले को बनवाया गया। देर रात तक चले जयंती आयोजन में लोक कलाकार बिसराम साहू, टुकेश सहारे, नत्थन दास, छन्नुदास व प्रेमलाल साव ने पोंगवा-पंडित नामक गम्मत का मंचन किया। इस दौरान हारमोनियम में संगत नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, तबले पर राकेश साहू, आर्गन में सुशील कुमार, ढोलक पर दिनेश साहू व तबला पर सुप्रसिद्ध नाचा कलाकार मदन निषाद के सुपुत्र गणेश निषाद ने की।



जिले के प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए भोरमदेव विद्यापीठ की महत्वपूर्ण कदम: श्री शर्मा

# डिप्टी सीएम की सराहनीय पहल, सीजीपीएससी व व्यापम परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोंचिग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की पहल से कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक बेहतरीन अवसर मिलने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल पर भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत की जा रही है, जिसमें युवाओं को अपनी तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संसाधन मिलेंगे। यह कोचिंग सेंटर जो विशेष रूप से सीजीपीएससी और व्यापम की परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित होगा, उन युवाओं के लिए है जो अपने राज्य में उच्च सरकारी पदों के लिए प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं।

इस सेंटर में 100 सीजीपीएससी और 100 व्यापम परीक्षार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। भोरमदेव विद्यापीठ की यह पहल जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्चतम स्तर की शिक्षा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री की इस अभिनव पहल से जिले के छात्रों को न केवल बेहतर कोंचिग सुविधा मिलेगी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उपमुख्यमंत्री ने इस पहल को जिले के प्रतिभाशाली छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना है कि यह कोचिंग सेंटर सिर्फ एक शैक्षिक संस्थान नहीं बल्कि जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने का एक माध्यम बनेगा। यह एक अभिनव पहल है, जिसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध संस्थानों द्वारा संचालित किया जाएगा।

## पंजीकरण और परीक्षा की जानकारी



भोरमदेव विद्यापीठ में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक छात्र अब ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और इसके लिए एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। पंजीकरण के बाद छात्र 13 अप्रैल 2025 को होने वाली परीक्षा में भाग ले सकेंगे। परीक्षा का केंद्र और समय संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड में प्रदान की जाएगी। दिल्ली आईएएस एकेडमी से जुड़ा होगा कोचिंग सेंटर भोरमदेव विद्यापीठ को दिल्ली आईएएस एकेडमी से सहयोग प्राप्त होगा। यह सेंटर देश के सबसे बेहतरीन कोचिंग सेंटरों से संबंध रखेगा और विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा। इस पहल में वेदांता और बालकों का भी सहयोग प्राप्त होगा, जो इसे एक नई दिशा देंगे।

## भोरमदेव विद्यापीठ की प्रमुख विशेषताएं

अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन यहां के सभी शिक्षक उच्चतम शैक्षिक स्तर के होंगे और विद्यार्थियों को पूरी तरह से मार्गदर्शन करेंगे, पुस्तकें और मासिक पत्रिका का निःशुल्क वितरण छात्रों को उनकी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी आवश्यक पुस्तकें और मासिक पत्रिकाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। सर्वसुविधा-युक्त लाइब्रेरी, विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी उपलब्ध होगी, सप्ताहिक टेस्ट और निःशुल्क मॉक टेस्ट हर सप्ताह टेस्ट लिए जाएंगे और दिल्ली आईएएस एकेडमी के सभी टेस्ट पूरी तरह से निःशुल्क होंगे, ग्रुप डिस्कशन और मॉक इंटरव्यू छात्रों को ग्रुप डिस्कशन और मॉक इंटरव्यू की सुविधा दी जाएगी, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें, हाइब्रिड मोड में कक्षाएं हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएंगी, जिसमें छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे व प्रतिदिन कक्षाएं ऑनलाइन उपलब्ध छात्रों को हर दिन ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध होंगी, ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई कर सकें तथा राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज छात्र राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज में भी भाग ले सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी तैयारी का आकलन करने का मौका मिलेगा।

# मां महामाया मंदिर में 14 जोत-जंवारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

- पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि पर्व में देवी-मंदिरो में आस्था के ज्योत-ज्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है साथ ही साथ माता रानी की सेवा तथा चैत नवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह व भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्राम बरबसपुर स्थित मां महामाया मंदिर में ग्रामीणों द्वारा 14 मनोकामना ज्योत-ज्वारा-कलश प्रज्जवलित की गई है। जिसमें मंदिर समितियों द्वारा आराध्य देवी मां महामाया की सेवा में जुटे हुए हैं। साथ ही साथ प्रतिदिन सुबह-शाम मंदिरों में श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भारी भीड़ दर्शन व पूजा अर्चना करने के लिए उमड़ रही है। मां महामाया देवी मंदिर के पं कवल सिंह चौहान और बलदेव यादव ने बताया की शुभ मुहूर्त में रविवार को फूलवारी व 14 मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्जवलित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जोत-ज्वारा कलश स्थापना की गई। जिसमें भक्तजनों व ग्रामीणों द्वारा जस गीत गायन कर माता रानी की सेवा में लगे हुए है।

## हाई स्कूल बसनी में विदाई व सह-सम्मान समारोह




**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत हाई स्कूल बसनी में बुधवार को विदाई व सह- सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के व्याख्याता शिक्षक सुधाराम साहू के सेवा-निवृत्ति होने पर भव्य विदाई समारोह व सह-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विदाई व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंडरिया उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, विशिष्ट अतिथि हाई स्कूल अध्यक्ष विकास पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि अजय चंद्राकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश पांडेय, सूरज चंद्राकर, जयराम साहू, पिल्लू साहू, महेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, केदार साहू, दिनेश, हीराराम द्वारा विदाई व सह-सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए मां सरस्वती वंदना के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिस पर विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि विदाई की घड़ी हमेशा दुखदाई होती है, फिर भी इसे हम सब को निभाना पड़ता है। उन्होंने सेवा निवृत्त व्याख्याता शिक्षक सुधाराम साहू साथ में बिताएं समय को बहुमूल्य बिताई साथ ही साथ इस विदाई व सम्मान समारोह में सेवानिवृत शिक्षक को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### कंझेटा में श्रीराम कथा महोत्सव कार्यक्रम सपंन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कंझेटा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन 30 मार्च से 1 अप्रैल तक कुर्मी समाज एवं समस्त ग्रामवासी सहयोग से प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। वहीं श्रीराम कथा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी शामिल हुए व श्रीराम कथा में विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव एवं क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें पं प्रवक्ता दक्षिण कौशल चित्रकूट धाम संत राजीव लोचन दास महाराज द्वारा श्रीराम कथा में आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीराम कथा का रसपान कराया गया जिसमें आसपास क्षेत्र सहित ग्रामीण श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा सुनकर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

### विकास, भुनेश को बधाई

**छुरिया।** आमगांव निवासी जनपद सदस्य उभेराम मंडावी के पुत्र विकास मंडावी और कलेश्वर कल्लो के सुपुत्र भुनेश कुमार कल्लो का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। उनके चयन की खबर मिलने पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने घर पहुंच की बधाई दिया।

# बिजली समस्या के संबंध में जिला पंचायत सदस्य ने कार्यपालन अभियंता अधिकारी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने कार्यपालन अभियंता अधिकारी कवर्धा से मुलाकात की और जिला पंचायत क्षेत्र एवं जिला के विभिन्न गांवों में बिजली समस्याओं के बारे में परिचर्चा की गई। उन्होंने अधिकारी को बताया कि क्षेत्र के आम नागरिको व उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की समस्या व भीषण गर्मी तथा उमस से भारी दिक्कतो व परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है, मिली जानकारी के अनुसार कई जगहों पर बिजली का तार टूटने व मेंटनेंस कार्य नही होने के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा तथा बिजली कटौती इन सभी समस्याओं को कार्यपालन अभियंता अधिकारी को चर्चाकर बताया गया। जिस पर उन्होने अधिकारी को इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया और कहा



कि विभाग की टीम जल्द ही क्षेत्र का दौरा करेगी और समस्याओं का समाधान करेगी।

# फिट इंडिया अवेयरनेस इवेंट कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में फिट इंडिया अवेयरनेस इवेंट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के डीन डॉ. पीएम लुका ने इस पहल की सराहना की। डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं डॉ. पवन जेठानी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक डॉ. उमेश खुराना ने फिटनेस में पोषण के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि फिटनेस का सीधा संबंध सही आहार से है और सही पोषण न केवल शरीर को बल देता है, बल्कि मानसिक विकास में भी मदद करता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभा सिंह, डॉ. हर्षा घांटी और डॉ. प्रवीन साहू ने किया। कार्यक्रम की सफलता में प्रदीप शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सुकदेव राउत, बॉस्केटबॉल कोच प्रियंका ई, पंकज पांडे, दिव्या धरावत, परमजीत सिंह हॉकी कोच, वार्डन मुन्नालाल जायसवाल, अर्चनादेवी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन उपस्थित थे।

### कई योगासनों का किया अभ्यास

इस अवसर पर रीना पटेल ने योग, योगनिद्रा और जुंबा का आयोजन किया। उनके मार्गदर्शन में छात्रों और कॉलेज के स्टाफ ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने के बारे में बताया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ट्रेनिंग सेंटर के केंद्र प्रभारी केसी त्रिपाठी ने खेल और शारीरिक फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया, ताकि वे अपनी सेहत को बेहतर बना सकें।

# डिजिटल कनेक्टिविटी और नेटवर्क सुधार के लिए ठोस रणनीतियों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय में भारत सरकार, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा के जॉइंट सीसीए प्रेम प्रकाश की उपस्थिति में दूरसंचार सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बीएसएनएल के 2जी टावरों को 4जी में अपग्रेड करने, कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों में नए टावर लगाने के प्रस्ताव भेजने और भारत नेट फेस-1 एवं फेस-2 के तहत लंबित इंटरनेट कनेक्शनों को सक्रिय करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा इंटरनेट कनेक्शन को सक्रिय करने में आ रही समस्याओं को शीघ्र समाप्त करने के उपायों पर चर्चा किया गया। बैठक में हेमेंद्र भुआर्य नोडल अधिकारी आकांक्षी जिला एसडीएम मोहला, महेंद्र कुमार वर्मा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, चिप्स जितेश कुमार जीटीओ बीएसएनएल, गुलशन राजपूत फील्ड इंजीनियर भारत नेट चिप्स, विनोद कुमार सिंह जीटीओ भारत नेट, राम प्रसाद फील्ड टेक्नीशियन, बीबीएनएल और परिमल पटेल जिओ फील्ड इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किया जाएगा मूल्यांकन

बैठक में आकांक्षी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 21 से 22 मार्च तक जॉइंट सीसीए प्रेम प्रकाश के दौरे को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरे का उद्देश्य बुनियादी दूरसंचार सेवाओं और अवसंरचना का निरीक्षण, दूरसंचार परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक उपायों की पहचान करना है। इसके साथ ही भारत नेट और 4जी मोबाइल टावर परियोजना की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा।

### चुनौतियों पर की गई चर्चा

बैठक में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। साथ ही दूरस्थ गांवों में नेटवर्क कवरेज और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में दूरसंचार परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा और नेटवर्क सुधार के लिए आवश्यक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

### मोहभट्ठा स्कूल में न्योता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मोहभट्ठा की कक्षा दूसरी के छात्रा काव्या धलेन्द्र के जन्मदिवस के अवसर पर उनके शिक्षक पिता रेशकुमार धलेन्द्र एवं माता पूर्णिमा धलेन्द्र ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। दो शाला के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर, पुडी, पापड़, केला खिलाया गया।

### मंदिरों में जले ज्योति कलश

**पटेवा।** ग्राम पटेवा सहित अंचल में चैत्र नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। ग्राम के प्राचीन शीतला मंदिर में 140 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। मंदिरों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ पड़ती है। सेवा भजन मंडली द्वारा माता की सेवा की जा रही है। गांव के दुर्गा मंदिर, शनि मंदिर, शंकर मंदिर में भी ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। गांव के शत्रुहन ढीमर एवं भूपेंद्र निर्मलकर के यहां जोत जवांरा रखा गया है। इसी प्रकार मासूल, ईराईकला, ईराईखुर्द, मुडभादुर, दर्रा, खजरी के शीतला माता मंदिर में ज्योति कलश रखा गया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत दामापुर ज.पं. पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**// नीलामी सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दामापुर के मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष 2025 2026 हेतु (एक वर्ष के लिए) दिनांक 07/04/2025 दिन सोमवार समय 11:30 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन दामापुर में नीलाम किया जावेगा।

इच्छुक व्यक्ति/ ठेकेदार निम्न सारणी में दर्शायी गई अमानत राशि जमा कर निलामी बोली में भाग ले सकते हैं तथा नीलामी की नियम व शर्तें कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

| क्र. | बाजार का नाम | सरकारी बोली | अमानत राशि | अवधि | तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मवेशी बाजार | 14,64,850=00 | 1,46,500=00 | 08 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक। | 07.04.2025 समय 11:30 बजे दिन से |

टीपः- 1. नीलामी की बोली ग्राम पंचायत के दृष्टि के अनुरूप नहीं होने पर स्थगित किया जाकर आगामी तिथि के लिए बढ़ाया जा सकता है।, 2. नीलामी बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों / ठेकेदारों को बोली लगाने के पूर्व परिचय-पत्र, आधार कार्ड, मो.नं. एवं पत्र व्यवहार हेतु सही पता नीलाम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।, 3. नीलामी की बोली प्रारंभ होने के पश्चात अमानत राशि जमा नहीं कर सकेंगे। 4. नीलामी की अमानत राशि नगद रूप में ही स्वीकार की जाएगी।

सचिव
ग्राम पंचायत दामापुर, ज.पं.
पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक
ज.पं. पण्डरिया
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

मुख्यकार्यपालन अधिकारी
ज.पं. पण्डरिया
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

सरपंच
ग्राम पंचायत दामापुर,ज.पं.
पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)


# सचिवों की हड़ताल से कार्यों पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭सड़क अतरिया

पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते विकास कार्यों पर विराम लगा हुआ है। किसी भी पंचायत में अब तक नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने किसी भी कार्य का श्रीगणेश नहीं किया है। वही वित्तीय प्रभार नहीं मिलने से जनहितैषी कार्यों की पहल भी नहीं कर पाएं हैं। सरपंचों के शपथ ग्रहण एवं उपसरपंच चुनाव के बाद से पंचायत सचिव आंदोलन पर चले हैं जिससे बहुत से पंचायतों में तालाबंदी की नौबत आ गई। वर्तमान में सभी गांव में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहराते जा रही है।जिसे हल करने में पंचायत प्रतिनिधि सक्षम है परन्तु वित्तीय समस्या के कारण मूकदर्शक बने हुए हैं। वही कुछ पंचायतों में प्रतिनिधि कर्ज लेकर या निजी खर्च कर जल समस्या हल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रकार सचिव के माध्यम से होने वाले जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, पेंशन, नवीन राशन कार्ड, मनरेगा, भूमि सुधार जैसे




### आरटीई से वंचित हो सकते बच्चे

शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन देने के लिए अभिभावक को पंचायत से कुछ प्रमुख दस्तावेज की जरूरत होती है। कुछ गरीब परिवार आरटीआई के तहत आवेदन देने इच्छुक हैं जिसके लिए उन्हे पंचायत के दस्तावेज की जरूरत है। पंचायतों में सचिव के नहीं होने से कार्य नहीं हो पा रहा है। ऐसे में गरीब परिवार के बच्चे निःशुल्क शिक्षा पाने से वंचित हो सकते हैं।

### मांग को लेकर सचिव अडिग

इधर पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर अडिग है। जब तक उनका शासकीकरण नहीं हो जाता तब तक आंदोलन करने की बात कह रहे हैं। हड़ताल को शुरू हुए एक पखवाड़ा होने वाला है तथा आगे अपनी मांग को मनवाने के लिए विभिन्न गतिविधि एवं प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार कर लिया है जिससे आंदोलन लंबे समय तक चलने की आशंका है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### अनदेखी: खनिज विभाग नहीं कर रहा अवैध क्रेसर प्लांटों के खिलाफ कोई कार्रवाई

# जिले में बड़ी संख्या में संचालित किए जा रहे हैं अवैध क्रेसर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खनिज विभाग की अनदेखी और एक प्रकार की खुली छूट के चलते जिले में धड़ल्ले से अवैध क्रेसर प्लांटों का संचालन किया जा रहा है। नियम विरूद्ध अवैध ढंग से संचालित इन अवैध क्रेसर प्लांटों से न सिर्फ शासन का करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है बल्कि पर्यावरण व क्षेत्र के लोगों को भी भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत समय-समय पर प्रभावित ग्रामीणों द्वारा बकायदा जिला मुख्यालय कवर्धा के जिला कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन व घेराव कर करते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन हैरानी और परेशानी की बात यह है कि इसके बाद भी खनिज विभाग इन अवैध क्रेसर प्लांटों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला खनिज विभाग के रिकार्ड में कहने को तो जिले में मात्र 27 लायसेंशी क्रेसर प्लांट संचालित है लेकिन सूत्रों की माने तो वर्तमान में इन 27 वैध क्रेसर प्लांटों के विपरीत करीब 50 से अधिक क्रेसर प्लांट संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा अवैध क्रेसर प्लांट जिले के स.लोहारा, कुई-कुकदुर तथा रेंगाखार क्षेत्र में संचालित हैं। बताया जाता है कि सूत्रों के मुताबिक इसे विभागीय मेहराबानी ही कहें की जो लोग अवैध क्रेसर प्लांटों का संचालन कर रहे हैं वे तो नियम कायदों की धज्जियां उड़ा ही रहे हैं लेकिन जिने लोगों द्वारा लायसेंसी क्रेसर प्लांट संचालित कर रहे हैं वे भी नियमों को ताक में रखकर प्लांट संचालित कर रहे हैं। इन संचालकों द्वारा नियम विरूद्ध ब्लास्टिंग, भण्डारण निर्धारित गहराई से अधिक गहराई में खुदाई तथा निर्धारित पट्टे से अधिक में क्रेसर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। लेकिन विभाग द्वारा न तो कभी इसकी जांच की जाती है और न ही कोई कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके चलते संचालकों और विभाग के अधिकारियों के बीच मिलीभगत की भी आशंका व्यक्त की जा रही है।

#### लोगों की शिकायतों के बाद भी कार्रवाई शून्य



यहां बताना लाजिमी होगा कि इन नियम विरूद्ध संचालित किए जा रहे क्रेसर प्लांटों से क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार की परेशानी और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी पिछले महिने ही ऐसी शिकायत लेकर लोहारा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण जिला कार्यालय पहुंचे थे। जिन्होने कलेक्टर से शिकायत की थी क्षेत्र में नियम विरूद्ध क्रेसर प्लांटों में ब्लास्टिंग किए जाने के कारण क्षेत्र का जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। आसपास की फसलें प्रभावित हो रही है। इसके अलावा इन क्रेसर प्लांटों के आसपास मौजूद भवनों को भी भारी और बड़े ब्लास्ट से नुकसान पहुंच रहा है। भवनों दरार आ रही है और उनकी नींव कमजोर हो रही है। लेकिन बताया जाता है कि प्रभावित ग्रामीणों की इन शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग नींद से नहीं जागा है।

# भारतीय किसान संघ ने मांगों व समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात ग्रीष्म ऋतु के दौरान लगातार बढ़ रहे जल संकट सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा कर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ से मिली जानकारी के अनुसार संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्य रूप से जिले में लगातार बढ़ रहे जल संकट की समस्या पर चर्चा की।

संघ के सदस्य सुरेश चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले का पड़ा ईलाका वनांचल और पहाड़ी है। जहां रहने वाले लोगों के सामने पेयजल समस्या लगातार गहरती जा रही है। उन्होने बताया कि इन ईलाकों में पीएचई विभाग द्वारा लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने नलजल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी और पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य भी लोगों को पेयजल उपलब्ध करा पाने में सफल नहीं हो रहे हैं। ऐसे में भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे ईलाकों जलाशयों का निर्माण का बारिश के पानी कासे एकत्र कर पेयजल समस्या को दूर किया जा सकता है। संघ के मुताबिक इस व्यवस्था से न सिर्फ पेयजल की समस्या दूर होगी बल्कि क्षेत्र में लगातार गिर रहा जल स्तर फिर बढ़ेगा।

संघ ने ग्रामीण क्षेत्रों की नदियों के सूखने और इनमें पानी कम होने से बढ़ रही निस्तारी की समस्या को देखते हुए छीरपानी जलाशय से नदियों में पानी छोड़ने की मांग की है। इसके अलावा संघ ने जिले में संचालित भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना कवर्धा तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना पंडरिया में लगातार मिल रही भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की शिकायत पर भी जांच व कार्यवाही की मांग जिला प्रशासन के मुखिया से ही है। कलेक्टर ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मण्डल की समस्याओं व मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद समाधान का भरोसा दिया है।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रांत कार्यकारिणी दुधेश्वर चंद्रवंशी, दीनबन्धु चंद्राकर, दिनेश चन्द्रवंशी, भगवत चंद्राकर, विकास चन्द्रवंशी, रोहित चन्द्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हेमचंद विवि के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें सेमेस्टर परीक्षा (एनईपी) दिसंबर-जनवरी 2024-25 अंतर्गत बीएससी प्रथ सेमेस्टर का परिणाम 55.63 प्रतिशत व बीकॉम प्रथः सेमेस्टर का परिणाम 66 प्रतिशत रहा है। विवि ने अन्य रोके गए परीक्षा परिणाम को भी जारी किए हैं। ये सभी परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कियः गया है। परीक्षार्थी वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### पद्म पुरस्कारः ऑनलाइन नामांकन शुरू

**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गए हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा का ई-प्रमाण पत्र जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर (व्यापमं) ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के ई-प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के ई-प्रमाण पत्र व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर डालकर ई-प्रमाण पत्र का अवलोकन कर प्रिंट आउट ले सकते हैं।

# पंचमी पर नगर के देवी मंदिरों जुटी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर में इन दिनो चैत्र नवरात्र पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के मनाया जा रहा है। पर्व के मौके पर वैसे तो नगर के मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां सतबहिनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां सिंहवाहिनी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाता है जो देरशाम तक चलता रहता है। लेकिन बुधवार को पंचमी के मौके पर इन देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। पंचमी के मौके पर मंदिर समितियों द्वारा माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया था। साथ ही पंचमी पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का भी आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने और माता रानी के दर्शनकर आशीर्वाद लेने भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार की चैत्र नवरात्रि चुतुर्थी के विलोपित रहने के कारण आठ दिनो की होगी। यहीं वजह है कि 30 मार्च से प्रारंभ हुई चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन ही पंचमी तिथि मनाई जा रही है।

## सांसद संतोष पांडेय ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता के लिए गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया और नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में केंद्र सरकार की भूमिका की सराहना की। सांसद पांडेय ने कहा कि परित्राणाय साधुना के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुरक्षाबलों ने नक्सल प्रभावित इलाकों में प्रभावी कार्रवाई की है, जिससे कई नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। सरकार इन इलाकों में विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दे रही है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

## भारतीय जनता पार्टी हर बूथ में मनाएगी भाजपा अपना स्थापना दिवस

**कवर्धा।** 6 अप्रैल को अपने स्थापना दिवस को व्यापक स्तर पे मनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियां प्रारंभ कर दी हैं। स्थापना दिवस आयोजन को लेकर जहां राष्ट्रीय एवं प्रदेश की टोलियां बनाई गई हैं वहीं जिला स्तर पे भी दायित्व दिए गए हैं। कवर्धा जिले में स्थापना दिवस तथा भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है जिसमें जिला संयोजक का दायित्व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा को सौंपा गया है। समिति के सदस्यों के रूप में अशोक चंद्रवंशी, रूपेश जैन और चंद्रकुमार सोनी को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया है कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में काम कर रही भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने आगामी 6 अप्रैल को अपने स्थापना दिवस को सभी कार्यकर्ताओं के साथ मनाने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के दिन पार्टी कार्यालय को सजाना, हर कार्यकर्ता के घर में पार्टी का झंडा लगाना, बूथ स्तर पे स्थापना दिवस का आयोजन करना शामिल है। 8 और 9 अप्रैल को भाजपा के सक्रिय सदस्यों का मंडल और विधानसभा स्तरीय सम्मेलन भी होना है। जिसमें तीन विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। पार्टी ने 7 से 12 अप्रैल तक भाजपा पदाधिकारियों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए ये विशेष अभियान चलाने का निर्णय किया है। इसमें पार्टीजनों को किसी गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती में एक दिन गुजार कर पार्टी द्वारा बताई गई विभिन्न गतिविधियों को करना है। जिसमें रैली निकालना, स्वच्छता अभियान, समाज प्रमुखों से मिलना और शाम को चौपाल लगाना शामिल हैं। पार्टी ने इस अवसर पर 13 एवं 14 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय किया है। 15 से 25 अप्रैल के बीच जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाना है।

# नवरात्रि पर बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए अभियान

### भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को दिलाई जाएगी सुरक्षा



- मिशन वात्सल्य टीम ने मंदिर परिसरों में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिरों में बढ़ती भीड़ के बीच कई बच्चे भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए जाते हैं।

इसे रोकने के लिए जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन और जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य, चाइल्ड लाइन और विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम ने मंदिर परिसरों में निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उनके पुनर्वास की योजना बनाई। माता-पिता और अभिभावकों को समझाइश दी गई कि वे बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें और भीख मांगने के लिए मजबूर न करें।

श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया गया कि वे बच्चों को भीख देने की बजाय उनकी पढ़ाई और पुनर्वास में सहयोग करें। टीम ने स्थानीय पुलिस और समाजसेवी संगठनों के साथ मिलकर मंदिर परिसरों के अलावा बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी निरीक्षण किया। आम जनता से अपील की गई कि अगर वे किसी भी बच्चे को भीख मांगते देखें, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बच्चों को शिक्षा और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि किसी भी बच्चे का बचपन नष्ट न हो। अभियान में सत्यनारायण राठौर, अविनाश ठाकुर, परमेश्वरी धुर्वे, श्याम धुर्वे, रामलाल पटेल, आरती यादव सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड लाइन और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

### डांसिंग स्टार से फिल्म के हीरो हिरोइन बने करन-किरण पहुंचेंगे कवर्धा

# कवर्धा सिनेमा घरों में 4 अप्रैल को रिलीज होगी छत्तीसगढ़ी फिल्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ी सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन फिल्म एवीएम गाना ऑडियो वीडियो कंपनी के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म मया बिना रहे नइ जाए 4 अप्रैल से मां भुवनेश्वरी टॉकीज एवं ईओएस मल्टीप्लेक्स कवर्धा सहित प्रदेशभर के 35 सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। निर्माता संतोष कुर्रे और उनके पुत्र दीपक कुर्रे के निर्देशन में बनी फिल्म में नायक करन एवं किरण पहले भी लगभग 200 हिट एल्बम गीतों में साथ नजर आ चुके हैं। फिल्म के निर्देशक दीपक कुर्रे को छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री का लंबा अनुभव जैसे कैमरा, एडिटिंग, डबिंग में काफी अच्छा अनुभव रहा है, उन्होंने मशहूर निर्देशक सतीश जैन के साथ सहायक के रूप मे काम किया है। संगीतकार कैलाश मांडले ने फिल्म के गीतों को कर्णप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के निर्माता संतोष कुर्रे ने बताया कि करन-किरण की जोड़ी को एल्बम गीतों में दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला, जिसके चलते उन्होंने फिल्म बनाने की परिकल्पना की। फिल्म मे अदाकारी की है। करण किरण चौहान, पुष्पेंद्र सिंह मनोज जोशी, अंजलि चौहान, सुमित्रा साहू, संगीता निषाद, भूपेश लिल्हारे, मायरा यदू, दीवाना पटेल, शशि रंगीला, सरला गंधर्व चौहान, झरनेश यादव, शंकर झारिया, मुस्कान शर्मा, रितेश चौहान, पिंकी साहू, बबली कुर्रे अमर सिंह कुर्रे, मया बिना रहे नइ जाए साफ-सुथरी, पारिवारिक ताने-बाने और इमोशन्स से भरपूर फिल्म है। इसके शानदार गाने, दमदार अभिनय और बेहतरीन निर्देशन इसे खास बनाते जो दर्शकों को बेहद पसंद आयेंगे।

### पत्रकारों से रूबरू हुई वरिष्ठ अदाकारा सुमित्रा साहू

फिल्म की वरिष्ठ अदाकारा सुमित्रा साहू बुधवार को फिल्म के प्रचार-प्रसार के सिलसिले में कवर्धा पहुंची। इस दौरान उन्होने स्थानीय उच्च विश्राम गृह में पत्रकारों से रूबरु होते हुए बताया कि वे बाल काल से ही फिल्म इंडस्ट्री में काम करते आ रही है। अब तक वे छत्तीसगढ़ी सैकड़ो फिल्म और एल्बम सहित छालीवुड, वालीवुड, हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुकी है।

## सर्वसम्मति से चुने गए जनपद सभापति...



**स.लोहारा।** जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार 2 अप्रैल को सर्वसम्मति से सभापतियों का चुनाव किया गया। चुने गए जनपद पंचायत के सभापतियों का पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्वागत किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।